52,849 candidates applied for 16,448 teacher posts in UP

यूपी में बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में 16,448 सहायक अध्यापकों की भर्ती के लिए 52,849 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि के बाद 19 व 20 जुलाई को फार्म में किसी प्रकार की त्रुटि सुधार का मौका दिया गया। जिसके बाद अंतिम रूप से जो आंकड़ें मिले हैं उसके अनुसार भर्ती के लिए 2769 दिव्यांग अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। कुल 68,611 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया था। सर्वाधिक ढाई हजार से अधिक फार्म आगरा से भरे गए हैं।

भर्ती से बाहर 20 हजार आवेदक

16,448 शिक्षक भर्ती से तकरीबन 20 हजार आवेदक बाहर हो गए हैं। हाईकोर्ट ने बीटीसी 2013 बैच के अभ्यर्थियों को भर्ती से बाहर कर दिया है। 2012 या इससे पुराने बैच के 30 से 32 हजार अभ्यर्थी हैं। इस लिहाज से बीटीसी 2013 बैच के लगभग 20 हजार अभ्यर्थी ऐसे हैं जिन्हें आवेदन के बावजूद भर्ती में अवसर नहीं मिलेगा।

एक महीने में पूरी होगी भर्ती

16,448 शिक्षक भर्ती एक महीने में पूरी करने का लक्ष्य है। बेसिक शिक्षा परिषद ने मंगलवार को ही एनआईसी को चिट्ठी लिखकर जल्द से जल्द डाटा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है ताकि भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके। डााटा मिलने के बाद काउंसिलिंग के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश देंगे।